पुस्तक दान करने पर विश्वविद्यालय ने जताया आभार

जगदलपुर। पुस्तकों का जीवन में बड़ा महत्व है। इसे सच्चा साथी कहा गया है। इससे हमें ज्ञान, मार्गदर्शन और समस्याओं का समाधान मिलता है। रक्तदान की तरह पुस्तक दान को भी महादान कहा गया है। इसी पुण्य कार्य के तहत समाजसेवी सुश्री अनिता राज ने सोमवार को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय को 20 पुस्तकें दान की हैं।

एमबीए पाठ्यक्रम से जुड़ी ये पुस्तकें विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम के लिए बहुत उपयोगी हैं। इस प्रेरणीय पहल के लिए विश्वविद्यालय परिवार ने दानदाता सुश्री राज के प्रति आभार जताया है। इस उदार प्रयास से वर्तमान और आनेवाली युवा पीढ़ी को ज्ञानार्जन में सुविधा होगी। एक बार पढ़ने के बाद हमलोग अक्सर किताब को घर में कहीं रख देते हैं वह पड़े-पड़े धूल खाते रहती है लेकिन किसी पुस्तकालय में पुस्तकें उपहार स्वरूप भेंट करने से वह उपयोगी हो जाती है। यह उसी उद्देश्य से किया गया उल्लेखनीय कार्य है।

सुश्री राज एक चर्चित समाजसेविका हैं। सेवानिवृति से पहले सुश्री राज हाई सेकेंडरी स्कूल, आसना में बतौर शिक्षक कार्यरत थीं। इन्होंने अपना जीवन समाजसेवा में लगा रखा है। वह पहले से ही जो बच्चे पुस्तक नहीं खरीद पाते थे तो उन्हें पुस्तकें उपलब्ध कराने का सेवा कार्य करते आईं हैं। सुश्री राज अभी अनाथ आश्रम, वृद्धाश्रम, शिवानंद आश्रम, नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर में समाजसेवा हेतु संसाधन और अन्य जरूरतें उपलब्ध कराने में अपना योगदान दे रही हैं। सुश्री राज ने आगामी दीक्षांत समारोह में टॉपर विद्यार्थियों को मैडल देने की प्रक्रिया में योगदान देने की भी पहल की हैं।